पेज थ्री देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार 28 नवंबर, 2019






स्वच्छता दल का स्वागत करते हुए।

# हमारा दून

## बर्फबारी और बारिश से उत्तराखण्ड में शुरू हुई कड़ाके की ठंड

**संवाददाता** देहरादून। लगातार दूसरे दिन भी उत्तराखंड की वादियों में बर्फबारी का दौर जारी रहा। जिस कारण निचले क्षेत्रों में शीतलहर का प्रकोप बढ गया है। लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेने लगे है। केदारनाथ में बीते रोज शाम से बर्फबारी बुधवार को भी जारी रही। रुद्रप्रयाग और चमोली जिले में लगातार दूसरे दिन भी मौसम खराब बना हुआ है। ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के कारण निचले क्षेत्रों में शीतलहर का प्रकोप बढ गया है। राज्य की पहाड़ी इलाके कड़ाके की ठंड की चपेट में हैं। चमोली में निजमूला घाटी में तड़के से हल्की बर्फबारी हुई। यमुनोत्री धाम सहित यमुना के शीतकालीन पड़ाव खरशाली गांव के आसपास भी बुधवार सुबह बर्फबारी हुई। जिसके बाद यहां हल्की बूंदाबांदी हुई। वहीं यमुना घाटी में बारिश का मौसम बना हुआ है। औली में भी आज सुबह अच्छी बर्फबारी हुई है। जिससे पर्यटकों के चेहरे खिल गए हैं। यहां सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसके अलावा अनेक स्थानों पर हल्की बारिश का सिलसिला भी जारी रहा। बारिश, बर्फबारी और ओलावृष्टि की वजह से तापमान में गिरावट आ गयी है। औली में बुधवार सुबह हुई बर्फबारी के बाद दिल का छू देने वाला नजारा दिखाई दिया।

# अब उत्तराखंड में कैबिनेट मंत्री खुद चुकाएंगे आयकर

**कैबिनेट की बैठक**

■ उत्तराखंड चारधाम श्राइन बोर्ड के सीईओ वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी है। कम छात्र संख्या वाले बंद किए गए स्कूलों में आंगनबाड़ी केंद्र चलाने को मंजूरी दी गई है। आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्ताह में दो दिन छात्रों को 2 अंडे और 2 केले देने को मंजूरी दी गई है। उत्तराखंड चारधाम श्राइन बोर्ड के सीईओ वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे। बैठक में फैसला लिया गया कि अब उत्तराखंड में कैबिनेट मंत्री आयकर खुद चुकाएंगे। विधेयक को कैबिनेट में मंजूरी दे दी गई है, जिसके बाद अब विधानसभा सत्र में इस पर मुहर लगेगी। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिलने वाली सुविधाओं का बकाया अब 25 प्रतिशत ज्यादा लिया जाएगा।



**बंद किए गए स्कूलों में आंगनबाड़ी केंद्र चलाने को राज्य कैबिनेट ने दी मंजूरी**

कम छात्र संख्या वाले बंद किए गए स्कूलों में आंगनबाड़ी केंद्र चलाने को मंजूरी दी गई है, 301 बंद पड़े विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र चलेंगे। आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्ताह में दो दिन छात्रों को 2 अंडे और 2 केले देने को मंजूरी दी गई। भवनहीन विद्यालयों को बैम्बो भवन बनाने को हरी झंडी मिल गई, 5000 से ज्यादा भवनहीन और जर्जर विद्यालयों में बैम्बो भवन से बनेंगे।

वहीं, सरकारी अधिकारियों को मिलने वाली सुविधा से भी 25 प्रतिशत बकाया लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। जहां, एक ओर सुगर चीनी मिल को एक प्रतिशत टैक्स माफी दी गई है, तो वहीं परेड ग्राउंड के पास नजूल भूमि पर तीन हजार वर्ग मीटर पर दून लाइब्रेरी बनाई जाएगी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए शासकीय प्रवक्ता कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने बताया कि हाई स्पीड डीजल के लिए 20 साल के लिए मिलेगा लाइसेंस, पहले एक साल के लिए मिलता था लाइसेंस। उत्तराखंड चारधाम श्राइन बोर्ड के सीईओ वरिष्ठ आइएएस अधिकारी और बोर्ड के अध्यक्ष मुख्यमंत्री होंगे।

2020 वेलनेस समिट का देहरादून में किया जाएगा आयोजन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वेलनेस समिट में करेंगे शिरकत, दो दिन तक चलेगी समिट, 25 करोड़ रुपये आएगा खर्च। बंद पड़ी गदरपुर और सितारगंज चीनी मिल में से एक मिल को किया जाएगा शुरू, सरकार भूमि का उपयोग कर दोनों मिलों का बकाया करेगी चुकता।

कैलाश खेर का भुगतान सरकार करेगी, एक करोड़ 67 लाख का होगा भुगतान, कैलाश खेर ने केदारनाथ पर एपिसोड तैयार किया था। उत्तराखंड मदरसा आधुनिकीकरण बोर्ड की नियमावली को मंजूरी दी गई।

# सीमान्त क्षेत्रों से पलायन रोकने पर हुई बैठक

**बैठक**

■ पर्याप्त मात्रा में दवाईयॉ, उपकरण, एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने के निर्देश

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखण्ड राज्य के सीमान्त क्षेत्रों से पलायन रोकने तथा आबादी व बसावटों में वृद्धि हेतु सुरक्षा परिषद सचिवालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा की गई अपेक्षा के अनुसार कार्य योजना बनाने विषयक बैठक मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। राज्य के सीमांत जनपदों यथा जनपद–उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, चम्पावत, तथा उधमसिंहनगर के सीमान्त व सुदूरवर्ती विकासखण्डों–भटवाड़ी, जोशीमठ, कनालीछीना, मूनाकोट, मुनस्यारी, धारचूला, लोहाघाट, चम्पावत तथा खटीमा में विशेष रूप से कार्य किए जाने हेतु कार्ययोजनाएं तैयार करने पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में राज्य में आम जनमानस को बेहतर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने, दुर्गम एवं सीमान्त क्षेत्रों से लगातार हो रहे पलायन को रोकने, पहाड़ों/विशेष की पहचान एवं संस्कृति को संरक्षित करने हेतु सामरिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में चिकित्सा विभाग, लोक निर्माण विभाग, विद्यालयी शिक्षा तथा ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने विभाग के प्रस्तुतीकरण दिया गया।

मुख्य सचिव द्वारा चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान सीमान्त क्षेत्रों में रिक्त पदों यथा चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ, ए.एन.एम, आशा कार्यकर्ती एवं सहायिकाओं की तत्काल भर्ती पदस्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। सभी चिकित्सालयों/चिकित्सा केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाईयॉ, उपकरण, एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

**भत्ता प्रदान किये जाने पर विचार**

मुख्य सचिव ने आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करने, नीति घाटी तथा दारमा घाटी में चिकित्सा सुविधाओं को प्राथमिकता देने, सीमान्त जनपदों के चिन्हित विकासखण्डों में विशेष सुविधा यथा–आवासीय सुविधा अथवा भत्ता प्रदान किये जाने पर विचार किया। सीमान्त क्षेत्रों में अवस्थित ग्रामों में समस्त अवस्थापना सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सन्तृप्त करने के निर्देश दिये गये।

## बंदरों को वर्मिन करने पर संत समाज ने जताई नाराजगी

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। उत्तराखंड के राज्य वन्य जीव बोर्ड के बंदरों को वर्मिन यानी कि खेती के लिए नुकसानदेह घोषित करने के प्रस्ताव से संत समाज में नाराजगी है। ऋषिकेश में संत समाज का कहना है कि अगर केंद्र सरकार उत्तराखंड वन्य जीव बोर्ड के इस प्रस्ताव को मंजूरी दे देती है तो वह उसका सड़क पर उतरकर विरोध करेंगे। संतों का कहना है कि बंदर हिंदुओं के लिए पूजनीय हैं और इसलिए इस प्रस्ताव को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। बता दें कि मंगलवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत की अध्यक्षता में राज्य वन्य जीव बोर्ड की 14वीं बैठक में बंदरों को वर्मिन घोषित करने को मंजूरी दी गई। इस बैठक में वन मंत्री और वन विभाग के अदिकारी भी मौजूद थे। अब इस प्रस्ताव को केंद्रीय वन्य जीव बोर्ड को भेजा जाएगा।

## स्वच्छता का संदेश लेकर दिल्ली से दून पहुंचा कर्मचारियों का दल

**संवाददाता** ऋषिकेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत देश के विभिन्न एयरपोर्ट के अधिकारी और कर्मचारियों के दल ने साइकिल रैली निकाली। इसी क्रम में दिल्ली से स्वच्छ भारत अभियान का संदेश लेकर दल जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पहुंचा। साथ हीं, एयरपोर्ट पर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल और एयरपोर्ट डॉयरेक्टर डीके गौतम ने दल के सदस्यों का स्वागत किया और दल को आगे के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली दिल्ली से जॉलीग्रांट एयरपोर्ट, जॉलीग्रांट एयरपोर्ट से पंतनगर ,पंतनगर से आगरा, आगरा से जयपुर और जयपुर के बाद दिल्ली में जाकर खत्म होगी। वहीं, एयरपोर्ट डॉयरेक्टर डीके गौतम ने बताया कि दल में देश के विभिन्न एयरपोर्ट के अधिकारी मौजूद हैं और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए आगे बढ़ रहे हैं।






**संक्षिप्त समाचार**

### अब्दुल शकूर हत्याकांड के तीन फरार हत्यारोपी गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। अगस्त माह के दौरान प्रेमनगर थाना क्षेत्र में बिटक्वाइन एकाउंट पासवर्ड जानने हेतू प्रताड़ित कर की गयी हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। हत्या के सात आरोपियों को पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। अगस्त की रात्रि में मैक्स हॉस्पिटल से थाना राजपुर को सूचना मिली कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में कुछ लोग एक गाड़ी से हॉस्पिटल में लेकर आये थे। जिसका चौक अप करते समय वह लड़के हॉस्पिटल से भाग गए हैं।

### हरिद्वार स्टेशन पर ट्रेन की बोगी में लगी आग

**(संवाददाता)** देहरादून। हरिद्वार स्टेशन पर बुधवार सुबह एक हादसा हुआ, जहां प्लेटफार्म पर खड़ी एक बोगी में अचानक आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन की बोगी बुधवार सुबह 9 बजे प्लेटफार्म नंबर 8 पर खड़ी थी। तभी अचानक बोगी से धुंआ निकलने लगा। इससे पहले कोई कुछ समझ पाता, आग ने बोगी को चपेट में ले लिया। इस घटना के रेलवे स्टेशन पर अफरा तफरी मच गयी। आनन फानन में रेलवे प्रशासन ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी।

### एसएफआई ने आयोजित की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

**(संवाददाता)** देहरादून। एसएफआई दून के साथियों ने उत्तराखंड सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता कर प्रतिभागी छात्र–छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता लक्ष्मण भारतीय इण्टर कॉलेज में कि गई। प्रतियोगिता में सभी छात्र–छात्राओ ने भागेदारी की। कक्षा 6 से 9 तक के वर्ग में प्रथम–राहुल कक्षा 8जी, द्वितीय–आशीष 9 जी और तृतीय सोनिया 9जी रही। कक्षा 10 से 12 वर्ग में प्रथम–साइना परवीन कक्षा 11जी, द्वितीय दिया कक्षा 10जी और तृतीय–मोनिका शर्मा कक्षा 12जी रही।


**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।